जालंधर, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH
+91 97814 00247



वंदे भारत 24
भारत के मन की बात

सुविचार

जहां हम नहीं होते हैं वहां हमारे गुण व अवगुण हमारा प्रतिनिधित्व करते हैं

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# जाखड़ ने राघव चड्ढा को बताया दिल्ली का 'विजय माल्या%'

## बोले- पंजाब के नौजवानों को लगाई चिट्टे की लत



**जालंधर( जतिन चौहान ):** भाजपा के प्रदेश प्रधान सुनील जाखड़ ने आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सदस्य राघव चड्ढा को विजय माल्या बताया। उन्होंने कहा, माल्या बैंकों का पैसा लेकर इंग्लैंड भाग गए और आप के विजय माल्या ने पंजाब के नौजवानों को चिट्टे की लत लगाकर भाग गए। जाखड़ ने कहा, राघव चड्ढा के करीबी पुलिस अधिकारी नशा बिकवा रहे हैं, यह आरोप किसी राजनीतिक पार्टी ने नहीं बल्कि पूर्व पुलिस अधिकारी व आप के विधायक कुंवर विजय प्रताप ने अमृतसर से पार्टी प्रत्याशी कुलदीप धालीवाल के सामने में लगाए हैं। उन्होंने कहा, जिन पुलिस अधिकारियों पर यह आरोप लगाए गए उनका तबादला बटाला क्यों किया गया। उन्हें बर्खास्त कर देना चाहिए।

## जाखड़ ने कांग्रेस पर भी साधा निशाना

पार्टी दफ्तर में मानसा, मौड़, अमृतसर के दर्जनों लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलवाने के बाद जाखड़ ने कहा, पंजाब में हिंदू-सिखों के बीच दरार पैदा करने वाली कांग्रेस पार्टी ने मुहब्बत की दुकान नहीं बल्कि टिकट बेचने की दुकान खोल रखी है। कांग्रेस और आप में कोई अंतर नहीं है। आप ने राज्य सभा में टिकटें बेची और कांग्रेस लोक सभा में टिकटें बेच रही है।

आप के प्रत्याशी लालजीत भुल्लर स्वर्णकारों के खिलाफ अपशब्द बोलते हैं तो कांग्रेस के नेता कहते हैं, अगर पंजाब में कोई हिंदू मुख्यमंत्री बन गया तो आग लग जाएगी। इससे पहले मानसा से अकाली दल के पूर्व नगर कौंसिल प्रधान गुरमेल सिंह ठेकेदार ने कहा कि हरसिमरत कौर बादल ने उन्हें जिला प्रधान इसलिए नहीं बनाया क्योंकि वह ओबीसी वर्ग से जुड़े हुए है। जाखड़ ने कुंवर विजय प्रताप के आरोप को बताया गंभीर जाखड़ ने एक सवाल के जवाब में कहा, कुंवर विजय प्रताप का आरोप बेहद गंभीर है। चुनाव आयोग को इस पर सू-मोटो लेना चाहिए। क्योंकि जो पुलिस अधिकारी नशा बिकवाता है। वह बाटाला में भी वही काम करेगा। खुद को असली सिख बताते हुए जाखड़ ने कहा, भगत सिंह और डॉ. भीम राव अंबेडकर की फोटो लगाने वाले वोट के खातिर अमन शांति को नुकसान न पहुंचाए।

## विश्व हिंदू परिषद के नेता की हत्या पर भी बोले जाखड़

नंगल में विश्व हिंदू परिषद के नेता की हत्या करके पंजाब की अमन शांति को भंग करने की कोशिश की गई। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए भाजपा के प्रदेश प्रधान ने कहा, विपक्ष ने तो सरकार के आगे घुटने टेक रखे है। वहीं, भाजपा ज्वाइन करने वाले स्वर्णकार एसोसिएशन के प्रधान अश्वनी कुमार नामेशाह ने खडूर साहिब से आप उम्मीदवार द्वारा स्वर्णकारों पर की गई टिप्पणी की निंदा की। इस मौके पर जगदीप नकई, गुरप्रीत मलूका, अमरपाल सिंह बोनी अजनाला, विनीत जोशी आदि मौजूद थे।




# AAP को एक और बड़ा झटका

## ओखला MLA अमानतुल्लाह खान गिरफ्तार

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण की वोटिंग से ठीक पहले आम आदमी पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा है.

वक्फ बोर्ड नियुक्ति घोटाले के इल्जाम में प्रवर्तन निदेशालय ने ओखला विधायक अमानतुल्लाह खान को अरेस्ट कर लिया है. इससे पहले ईडी की एक टीम ने अमानतुल्लाह खान से तकरीबन 10 घंटे तक पूछताछ की.

आप नेता पर यह है आरोप...

आप नेता खान पर आरोप है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने 32 लोगों को अवैध रूप से भर्ती किया है. इसके साथ ही उन्होंने गैर-कानूनी तरीके से दिल्ली वक्फ बोर्ड की कई प्रोपर्टी को किराए पर दिया है.इसके अलावा उसके उपर दिल्ली वक्फ बोर्ड के धन का दुरुपयोग करने का भी इल्जाम है. दिल्ली वक्फ बोर्ड के तत्कालीन सीईओ ने अवैध भर्ती के खिलाफ बयान जारी किया था. आप रू की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही सांसद संजय सिंह और मंत्री आतिशी अमानतुल्लाह खान के घर पहुंच रहे हैं.

### ACB ने 2022 कर चुकी है पूछताछ


इस मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने सितंबर 2022 में अमानतुल्लाह से पूछताछ की. इसी के बुनियाद पर ACB ने चार जगहों पर छापे मारे की. छापेमारी के दौरान ACB ने करीब 24 लाख रुपए नगदी भी बरामद किए.

इसके अलावा दो अवैध और बिना लाइसेंस की पिस्टल समेत गोला बारूद भीम मिला था. इसके बाद अमानतुल्लाह को अरेस्ट किया गया था. ये गिरफ्तारी उनके खिलाफ सुबूतों और आपत्तिजनक सामग्री के बुनियाद पर हुई थी. हालांकि, बाद में उन्हें 28 दिसंबर 2022 को जमानत पर रिहा कर दिया गया.

गुरुवार सुबह आप विधायक अमानतुल्ला खान मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए. वहीं, पूछताछ से पहले पत्रकारों से बात करते हुए खान ने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है.

हालांकि, 50 साल के विधायक से लंबी पूछताछ करने के बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया. इस मामले में पिछले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था और अदालत ने उन्हें 18 अप्रैल को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया था.


# दिल्ली शराब घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया को झटका, कोर्ट ने 26 अप्रैल तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत



**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को शराब नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ा दी। न्यायिक हिरासत समाप्त होने पर सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट जज कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी।

सोमवार को कोर्ट ने कहा था कि वो आप नेता की जमानत अर्जी पर 20 अप्रैल को सुनवाई जारी रखेगी। उस दिन कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनी थी। सिसोदिया की ओर से जमानत याचिका उनके वकील मोहित माथुर ने दायर की है, जिसमें मामले की जांच पूरी करने में देरी का आरोप लगाया गया है। दावा किया गया कि उनके मुवक्किल को रिश्वत के पैसे से जोड़ने का कोई सबूत नहीं मिला है। उन्होंने तर्क दिया कि सरकारी खजाने या निजी उपभोक्ताओं को कोई नुकसान नहीं हुआ है। माथुर ने मुकदमे में देरी पर भी जोर दिया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट का सिसोदिया को निचली अदालत जाने की इजाजत देने वाला आदेश छह महीने पुराना है और जांच अब तक पूरी हो जानी चाहिए थी। माथुर ने आगे कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों के अनुसार, सिसोदिया बेल के लिए सभी आवश्यक शर्त पूरा कर रहे हैं। इससे पहले, सीबीआई के वकील ने अदालत से कहा था कि जांच महत्वपूर्ण चरण में है और सिसोदिया को जमानत पर रिहा करने से जांच में बाधा आ सकती है।



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED ANM 2 Years Diploma GNM 3 Years Diploma B.Sc (Nursing) 4 Years Degree D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma 10+1 & 10+2 PSEB
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# दुबई में बाढ़ बनी मुसीबत

## इंडियन एंबेसी ने भारतीयों के लिए जारी किया हेल्पलाइन नंबर, मदद के लिए यहां करें कॉल

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** दो दिन से दुबई में भारी बारिश और बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। घर से लेकर सड़कों तक पर हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। सड़कों पर नाव चल रही है। ऐसे में यूएई की इंडियन एंबेसी ने भारतीय नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है।

कोई भी भी भारतीय व्यक्ति हेल्पलाइन नंबर +971501205172, +971569950590, +971507347676, +971585754213 पर कॉल कर सकता है। उसे तुरंत मदद मुहैया कराई जाएगी।

### 24 घंटे से कम समय में 254 मिमी बारिश

यूएई के नेशनल मेट्रोलॉजी डिपार्टमेंट के मुताबिक इस बार हुई बारिश ने सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। संयुक्त अरब अमीरात और ओमान सीमा से सटे शहर अल ऐन में 24 घंटे से भी कम समय में 254 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। विभाग के मुताबिक 1971 में संयुक्त अरब अमीरात के गठन से भी पहले वर्ष 1949 में जब से रिकॉर्ड बनना शुरू हुआ है उसके बाद से पहली बार इतनी बारिश दर्ज की गई है।



### प्रवासी भारतीयों को दी जाएगी मदद

संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय दूतावास ने मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। बाढ़ में फंसे भारतीय व्यक्ति जारी किए गए नंबर कॉल कर मदद मांग सकते हैं। उनके पास जल्द से जल्द रिलीफ टीम भेजी जाएगी।

### शॉपिंग सेंटर और मेट्रो स्टेशनों पर घुटने तक पानी

दुबई में भारी बारिश के बाद से अभी तक कई इलाकों से पानी निकाला जा रहा है। शॉपिंग सेंटर मॉल के अलावा मेट्रो स्टेशन परिसर में भी घुटने तक पानी भरा था। सोशल मीडिया पर दुबई में बाढ़ की कई सारे फोटो भी देखने को मिल रही हैं।

### 25 मिनट फ्लाइट्स रहीं डिले

भारी बारिश के कारण दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को 25 मिनट के लिए फ्लाइट मिनट के लिए अपनी फ्लाइट डिले करनी पड़ी। दुबई में बारिश से हालात इतने बिगड़ गए हैं कि कई स्कूल और दफ्तर भी बंद कर दिए गए हैं। यातायात भी ठप हो गया। आमतौर पर दुबई में प्रति वर्ष औसतन 3.12 इंच बारिश होती है।

# एनकाउंटर में मारे गए 29 नक्सलियों को कांग्रेस ने बताया शहीद!

## भड़की बीजेपी ने कहा- थोड़ी तो शर्म करो

**जालंधर ( सुरभि शर्मा ) :** छत्तीसगढ़ में देश के सबसे बड़े नक्सल एनकाउंटर पर सियासत होने लगी है। कांग्रेस ने इस मुठभेड़ पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस ने इस एनकाउंटर की जांच की मांग की है। वहीं कांग्रेस प्रवक्ता ने मारे गए नक्सलियों को शहीद बता दिया, जिसके बाद भाजपा भड़क उठी।

बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने निशाना साधते हिए कहा- 'छत्तीसगढ़ में हमारे सुरक्षाबलों ने 29 नक्सली, जिनमें 2 तो 25-25 लाख के इनामी थे। उनको मार गिराया. कांग्रेस की प्रवक्ता इन नक्सलियों को शहीद बता रही हैं। इसी को मानसिक और नैतिक दिवालियापन कहते हैं। कांग्रेस को शर्म आनी चाहिए।'

आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव से पहले मंगलवार को सुरक्षा बलों को छत्तीसगढ़ में बड़ी कामयाबी मिली। कांकेर जिले के माड़इलाके में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया।

मुठभेड़ में इंस्पेक्टर रमेश चौधरी सहित 3 जवान घायल हुए। छत्तीसगढ़ दूसरा सबसे नक्सली प्रभावित राज्य है। गृह मंत्रालय के मुताबिक छत्तीसगढ़ के 14 जिले- बलरामपुर, बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, धमतरी, गरियाबंद, कांकेर, कोंडागांव, महासमुंद, नारायणपुर, राजनंदगांव, सुकमा, कबीरधाम और मुंगेली नक्सल प्रभावित हैं।

### एक साल में 300 से ज्यादा नक्सली हमले

पिछले साल मार्च में गृह मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में नक्सली हमलों के आंकड़े पेश किए थे। इसके मुताबिक, 2022 में राज्य के अंदर 305 नक्सली हमले हुए थे। इससे पहले सरकार ने संसद में बताया था कि पिछले साल फरवरी 2023 तक (सिर्फ दो महीने में) छत्तीसगढ़ में नक्सली हमलों में 7 जवान शहीद हो चुके थे। आंकड़ों के मुताबिक, 2013 से 2022 के बीच 10 साल में छत्तीसगढ़ में 3 हजार 447 नक्सली हमले हुए। इन हमलों में 418 जवान शहीद हुए, जबकि सुरक्षाबलों ने 663 नक्सलियों को मार गिराया।



# 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची जारीः अजय बंगा, सत्या नडेला, आलिया भट्ट, साक्षी मलिक को मिली जगह



**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट, विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला, पहलवान साक्षी मलिक और भारतीय मूल के ब्रिटिश अभिनेता देव पटेल ने 2024 के लिए टाइम पत्रिका की '100 सबसे प्रभावशाली लोगों' की सूची में जगह बनाई है। सूची में शामिल एक अन्य प्रमुख भारतीय नाम पहलवान साक्षी मलिक का है, जो भारत की एकमात्र महिला ओलंपिक पदक विजेता हैं, जिन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ ( डब्ल्यूएफआई ) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। साक्षी ने एक्स पर लिखा, 2024 का टाइम100 सूची में शामिल होने पर गर्व है। आलिया के पहले हॉलीवुड प्रोजेक्ट स्ट्रीमिंग फिल्म 'हार्ट ऑफ स्टोन' के निर्देशक टॉम हार्पर ने अभिनेत्री की प्रशंसा करते हुए उन्हें वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय स्टार कहा।

उन्होंने लिखा, अपनी प्रसिद्धि के बावजूद, आलिया सेट पर अत्यधिक विनम्र और मजाकिया हैं। उनके काम करने के तरीके में एक आकर्षण है = केंद्रित, आइडिया स्वीकार करने और रचनात्मक जोखिम लेने को तैयार। फिल्म में मेरे पसंदीदा क्षणों में से एक तब आया जब एक टेक के अंत में इंप्रोवाइजेशन किया गया। उसने भावनात्मक सूत्र को पकड़ा और उसके साथ हो लीं। आलिया का सुपरपावर प्रामाणिकता और संवेदनशीलता को फिल्म-स्टार चुंबकत्व के साथ मिलाने की उनकी क्षमता है। एक अभिनेत्री के रूप में, वह चमकदार हैं, और एक व्यक्ति के रूप में, वह जमीनी आश्वासन और रचनात्मकता लाती हैं जो वास्तव में एक अंतर्राष्ट्रीय स्टार बनाती है। आलिया टाइम मैगजीन की सूची में शामिल होने वाली एकमात्र बॉलीवुड अभिनेत्री हैं।

सूची में शामिल भारत से जुड़े अन्य नामों में खगोलशास्त्री प्रियंवदा नटराजन, अमेरिकी ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी जिगर शाह और शेफ और अधिकार कार्यकर्ता अस्मा खान शामिल हैं।

इसमें गायक-गीतकार दुआ लीपा, ऑस्कर पुरस्कार विजेता अमेरिकी अभिनेत्री डा'वाइन जॉय रैंडोल्फ और ऑस्कर नामांकित अभिनेता जेफरी राइट और कोलमैन डोमिंगो भी शामिल हैं। सूची में फिल्मी हस्तियां ताराजी पी हेंसन, इलियट पेज, माइकल जे. फॉक्स, सोफिया कोपोला और हयाओ मियाज़ाकी भी शामिल हैं।





# तिहाड़ में रोज आलू पुरी, मिठाई और आम खा रहे केजरीवाल

## ताकि मिल जाए मेडिकल बेल,' ED ने कोर्ट में किया दावा

**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं। इस बीच दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी ने दावा किया कि वह मेडिकल आधार पर जमानत लेने के लिए जानबूझकर मीठा खा रहे हैं ताकि इससे उनका शुगर लेवल बढ़े और उन्हें मेडिकल के आधार पर जमानत मिल जाए।

### केजरीवाल की सेहत को लेकर ED ने क्या कहा?

ईडी ने कहा कि अदालत ने उन्हें घर का खाना खाने की मंजूरी दी है। जेल डीजी ने हमें केजरीवाल की डाइट भेजी है. उन्हें बीपी की समस्या है। लेकिन देखिए, वे क्या खा रहे हैं- आलू पूड़ी, केला, आम और हद से ज्यादा मीठी चीजें. ईडी ने कहा कि हमने कभी नहीं सुना कि टाइप-2 डाइबिटीज से जूझ रहा शख्स इस तरह की चीजें खाए। लेकिन वह रोजाना आलू-पूड़ी, आम और मीठे चीजें खा रहे हैं। ये सब इसलिए



किया जा रहा है ताकि उन्हें जमानत मिल जाए।

इस पर कोर्ट ने केजरीवाल के वकील से कहा कि हम जेल से इस पर रिपोर्ट मांगेंगे और आप मुझे उनका पूरा डाइट प्लान दें। इस पर अब कल सुनवाई होगी. इस मामले में अब शुक्रवार को सुनवाई होगी।

### केजरीवाल के वकीलों ने क्या कहा?

ईडी के इन दावों पर केजरीवाल के वकीलों ने कहा कि ईडी मीडिया के लिए इस तरह के बयान दे रही है। क्या डाइबिटीज से जूझ रहे शख्स को इस तरह का खाना दिया जा सकता है?

### क्या है ये पूरा मामला?

अरविंद केजरीवाल डायबिटीज के मरीज हैं। ऐसे में उनके वकीलों ने राउज एवेन्यू कोर्ट में पहले एप्लिकेशन दायर कर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केजरीवाल को डॉक्टर से नियमित कंसल्टेशन देने की मांग की थी। लेकिन अब उनके वकीलों ने ये एप्लिकेशन वापस ले ली है। इसी एप्लिकेशन के विरोध में ईडी ने अदालत के समक्ष ये बातें कही।

### 23 अप्रैल तक हिरासत में रहेंगे केजरीवाल

दिल्ली के कथित शराब घोटाले में ईडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। इससे पहले ईडी ने उन्हें मामले में पूछताछ के लिए 9 समन जारी किए थे। हालांकि, केजरीवाल किसी भी समन पर पेश नहीं हुए। गिरफ्तारी के बाद लगभग 10 दिन तक केजरीवाल ईडी की कस्टडी में रहे थे। इसके बाद 1 अप्रैल को उन्हें अदालत ने 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद 15 अप्रैल को कोर्ट ने उन्हें फिर 23 अप्रैल तक की हिरासत में भेज दिया है। फिलहाल अरविंद केजरीवाल 23 अप्रैल तक तिहाड़ जेल में ही रहेंगे। वहीं, गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 29 अप्रैल को सुनवाई होगी।

# कार से बरामद हुआ 5 किलो सोना, यह प्रसिद्ध ज्वैलर नहीं दिखा पाया कोई बिल

**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** पंजाब के जालंधर में जीएसटी विभाग की मोबाइल विंग ने 5 किलो सोना पकड़ा है। इस सोने की बाजार कीमत करीब 3 करोड़ 82 लाख रुपए है। यह बरामदगी शाहकोट के पास जीएसटी विंग द्वारा की गई है और इस मामले की जानकारी भारत के चुनाव आयुक्त को भी दे दी गई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उक्त सोना लुधियाना के एक बड़े ज्वैलर के यहां से बरामद किया गया है।

जालंधर मोबाइल विंग के ईटीओ सुखजीत सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त जगह पर एक व्यक्ति 5 किलो से ज्यादा सोना लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने देर रात नाकाबंदी कर दी। इस दौरान ईटीओ द्वारा एक वैगेनार कार को चेकिंग के लिए रोका गया। कार मे दो व्यक्ति बैठे हुए थे। कार की तलाशी लेने पर अंदर से करीब पांच किलो सोना बरामद हुआ।

ईटीओ सुरजीत सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि उक्त सोना लुधियाना की निक्का मल ज्वैलर्स के नाम से एक शोरूम चलाने वाले व्यक्ति से बरामद किया है। जिसकी पहचान लुधियाना के रहने वाले योगेश गर्ग के रूप में हुई है। ईटीओ सुरजीत सिंह ने बताया कि सोने को कब्जे में लेकर उन्होंने सरकारी खजाने में जमा करवा दिया है और मामले की जानकारी चुनाव अधिकारियों और इनकमटेक्स को दे दी गई है।






# 'शहादत का मजाक बना रहे' बेअंत सिंह की तस्वीर के इस्तेमाल पर पंजाब में बवाल




**जालंधर( हिमांशु ):** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में जुटी सभी राजनीतिक पार्टियां जोरो- शोरों पर प्रचार में लगी हुई हैं। 19 अप्रैल को पहले चरण का चुनाव शुरू हो रहा है. उधर पंजाब में भी बीजेपी और उसके नेता प्रचार में लगे हुए हैं। चुनाव में और उससे पहले विवाद होना आम बात है। पंजाब के लुधियाना से BJP उम्मीदवार रवनीत बिट्टू की तरफ से अपने दादा और पूर्व सीएम बेअंत सिंह की तस्वीर प्रचार के लिए बोर्ड पर लगाने से विवाद हो गया है।

बिट्टू बीजेपी के विज्ञापन बोर्डों पर कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की तस्वीर लगाई है. वहीं, पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने तंज कसा है।

वडिंग ने X पर पोस्ट शेयर कर लिखा, बिट्टू जी आप तो भाजपा के खेमे में खड़े होकर सत्ता की भूख वाली अपनी शख्सियत को जग जाहिर कर चुके हैं, लेकिन सरदार बेअंत सिंह की उस सफेद पगड़ी को तो बख्श दें.

उन्हें बदनाम न करें। उनकी तस्वीर का वोट लेने के लिए इस्तेमाल करके उनकी शहादत का मजाक बना रहे हैं।

### कांग्रेस का दामन छोड़ थामा क्र्छ्क्का हाथ

बता दें कि रवनीत बिट्टू कुछ समय पहले ही कांग्रेस का दामन छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए थे। 26 मार्च को लुधियाना से कांग्रेस सांसद रवनीत बिट्टू भाजपा में शामिल हुए थे। लोकसभा चुनाव से पहले पंजाब कांग्रेस के लिए ये बड़ा झटका माना जा रहा था। बिट्टू पंजाब के बड़े नेता माने जाते हैं। उनकी राजनीतिक में अच्छी पकड़ है और पंजाब में अच्छा जनसर्थन मिलता रहता है।

### राहुल गांधी के माने जाते हैं करीबी

जब बिट्टू कांग्रेस में थे तो ऐसा माना जाता था कि वो राहुल गांधी के बहुत करीबी हैं। बता दें कि पंजाब में पहले ही इंडिया अलायंस आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन सीटों को लेकर मतभेदों से गुजर रहा है। उधर आम आदमी पार्टी ने घोषणा की थी कि पंजाब की सभी लोकसभा सीटों पर वह अकेले चुनाव लड़ेगी। अब की तरफ से अपने दादा की तस्वीर इस्तेमाल करने पर बवाल मच गया है। लोग उनके इस पोस्टर का विरोध कर रहे हैं। पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह के पोते रवनीत बिट्टू पंजाब में कांग्रेस के बड़े नेता माने जाते हैं। अपने लोकसभा क्षेत्र में उनकी पकड़ काफी मजबूत है।




## न्यूज ब्रीफ

### PSEB 10वीं कक्षा के नतीजे घोषित, पहले तीन स्थानों पर लड़कियों ने मारी बाजी



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की तरफ से घोषित कक्षा 10वीं के परिणामों में लुधियाना की अदिति ने पहला स्थान प्राप्त कर स्टेट में टॉप कर लिया है। लुधियाना के शिमलापुरी में पढ़ने वाली अदिति ने सभी विषयों में 100 प्रतिशत अंक हासिल करने के बाद इस मुकाम को हासिल किया है।

वहीं लुधियाना के इसी स्कूल की अलीशा ने 650 में से 645 अंक प्राप्त कर राज्य में दूसरा स्थान पाया है। इसके साथ ही अमृतसर के बाबा बकाला के अंबर पब्लिक स्कूल की करमनप्रीत कौर ने 645 अंक प्राप्त कर राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

रिजल्ट बोर्ड की चेयरपर्सन डॉ. सतबीर बेदी द्वारा घोषित किया गया। स्टूडेंट्स शुक्रवार सुबह सात बजे से बोर्ड की वेबसाइट पर रिजल्ट देख पाएंगे। इसके लिए स्टूडेंट्स को बोर्ड की वेबसाइट www.pseb.ac.in पर लॉगिन करना होगा। जहां पर रिजल्ट के लिए कॉलम बना होगा। उसमें उन्हें अपना रोल नंबर व अन्य जानकारी भरनी होगी। उसके बाद रिजल्ट उनके मोबाइल या लैपटॉप की स्क्रीन पर आ जाएगा।




# मासूम दिलरोज को मिला न्याय

## हत्यारी नीलम को मिली मौत की सजा

**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** लुधियाना कोर्ट ने ढाई साल पुराने मर्डर केस में फैसला सुनाया है। नवंबर 2021 में दो साल की एक बच्ची को जिंदा दफनाने का मामला सामने आया था। आरोप बच्ची के पड़ोस में रहने वाली एक महिला पर लगा। अब कोर्ट ने उसे दोषी करार दिया है। पीड़ित परिवार के वकील ने बताया कि 15 अप्रैल को मामले में सजा सुनाई जाएगी।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, लुधियाना कोर्ट के सेशन जज मुनीष सिंघल ने 12 अप्रैल को फैसला सुनाते हुए 35 साल की नीलम को दोषी ठहराया। नीलम ने 28 नवंबर 2021 को सलेम टाबरी इलाके में बच्ची को गड्ढा खोदकर जिंदा दफना दिया था। पुलिस के मुताबिक, नीलम ने परिवार के साथ पुरानी दुश्मनी के चलते बच्ची के मर्डर का प्लान बनाया था। घटना से कुछ



दिन पहले नीलम का बच्ची के पिता हरप्रीत सिंह और उनकी पत्नी से मामूली बात पर झगड़ा हो गया था।

इसके बाद उसने सलेम टाबरी के पास एक खेत में गड्ढा खोदकर बच्ची को जिंदा दफना दिया। बच्ची के अचानक गायब होने की जानकारी पुलिस को दी गई. सीसीटीवी खंगाले गए। उसमें दिखा कि नीलम बच्ची को स्कूटर पर ले जा रही है. इसके बाद पूछताछ के दौरान नीलम ने अपना अपराध कबूल कर लिया. उसने पुलिस को बच्ची की लोकेशन भी बताई।

बच्ची को निकाल कर दयानंद मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पोस्टमॉर्टम के दौरान बच्ची के सिर पर चोट के दो निशान भी मिले थे। एक माथे पर और एक सिर के पीछे। रिपोर्ट में पता चला कि वो चोटें किसी भारी चीज से मारने के चलते लगी है। मौत की वजह दम घुटना बताया गया।

लुधियाना के शिमलापुरी पुलिस स्टेशन में पहले नीलम के खिलाफ IPC की धारा 364 (हत्या के इरादे से अपहरण) के तहत FIR दर्ज की गई थी। बच्ची की मौत के बाद उस पर हत्या की धाराएं भी लगाई गईं।

## रामनवमी पर 'जय श्री राम' का नारा लगाने पर बेंगलुरु में 3 लोगों पर हमला

**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** बेंगलुरु में बुधवार को कथित तौर पर जय श्री राम के नारे लगाने पर कार में सवार तीन लोगों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। यह घटना चिक्काबेट्टाहल्ली इलाके में हुई जब तीन लोग रामनवमी के अवसर पर एक कार में झंडा लेकर यात्रा कर रहे थे और जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। उन्हें दो बाइक सवार लोगों ने रोका जिन्होंने नारेबाजी पर आपत्ति जताई।

वीडियो में, बाइक सवार लोगों को 'जय श्री राम' के नारे लगाने के खिलाफ चेतावनी देते हुए और इसके बजाय 'अल्लाह हू अकबर' का नारा लगाने के लिए कहते हुए दिखाई दे रहे हैं। विवाद जल्द ही मारपीट में बदल गया, बाइक सवारों और कुछ स्थानीय लोगों ने कार में बैठे लोगों पर हमला कर दिया।

बीएम लक्ष्मी प्रसाद, डीसीपी नॉर्थईस्ट,





बेंगलुरु सिटी ने कहा- 'कार में यात्रा करते समय तीनों युवक हाथ में झंडा लिए हुए थे और जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। उसी दौरान दो युवकों ने कार को रोक लिया और उनसे ये नारे लगाने के लिए सवाल किया, साथ ही उनसे अल्लाह हू अकबर कहने को भी कहा।

जैसे ही ये लोग कार से उतरे, बाइक पर सवार लोग उन पर हमला करने के लिए और युवाओं को लाने के लिए भाग गए, उस विवाद में, एक व्यक्ति की नाक में चोट लग गई। प्रसाद ने कहा कि विद्यारण्यपुरा पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 295, 298, 324, 326, 506 और दंगा के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि पांचों युवकों की पहचान की जा रही है. प्रसाद ने कहा, 'हम आरोपी व्यक्तियों को जल्द ही गिरफ्तार करेंगे।'

## रिश्वत लेता ए.एस.आई. विजीलैंस द्वारा रंगे हाथों गिरफ्तार

**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** विजीलैंस ब्यूरो द्वारा ए.एस.आई. कर्म सिंह को 15 हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उक्त ए.एस.आई. के खिलाफ अब अगली कार्रवाई की जा रही है।

विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि थाना सदर पट्टी में जांच अधिकारी के तौर पर तैनात सहायक सब इंस्पैक्टर (ए.एस.आई.) कर्म सिंह को 15 हजार रुपए की रिश्वत सहित गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपी को तरनतारन के गांव सरहाली कलां की निवासी वीरो द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्त्ता ने विजीलैंस ब्यूरो को सूचित किया कि उक्त ए.एस.आई. ने उसके दामाद के खिलाफ थाना सदर में दर्ज एक पुलिस केस में पक्ष लेने के बदले




में 65 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। उक्त आरोपी पहले भी रिश्वत के तौर पर 24 हजार रुपए ले चुका है। आखिर इस मामले में विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने एक्शन लेते हुए उक्त आरोपी को 2 सरकारी गवाहों की उपस्थिति में 15 हजार रुपए रिश्वत लेते समय काबू कर लिया। जांच के दौरान रिश्वत की पहली किश्त के 24 हजार रुपए भी बरामद कर लिए गए हैं। फिलहाल विजीलैंस ब्यूरो थाना अमृतसर रेंज में उक्त पुलिस कर्मी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।

## शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा पर ED का एक्शन, मनी लॉन्ड्रिंग केस में 98 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

**जालंधर ( हिमांशु ) :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अभिनेता शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा के खिलाफ एडल्ट फिल्मों के निर्माण और प्रसार के संबंध में दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग के मामले पर एक्शन लिया है। ईडी ने बताया कि पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत रिपु सूदन कुंद्रा उर्फ राज कुंद्रा से संबंधित 97.79 करोड़ रुपये की अचल और चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। कुर्क की गई संपत्तियों में जुहू स्थित एक आवासीय फ्लैट शामिल है जो वर्तमान में पत्नि शिल्पा शेट्टी के नाम पर है। वहीं, पुणे स्थित आवासीय बंगला और इक्विटी शेयर राज कुंद्रा के नाम पर है।



